आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

प्रश्नकाल

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ने टीजीटी के 9 सौ 37 और जेबीटी के एक हज़ार 7 सौ 62 पद भरने का मामला राज्य चयन आयोग को भेजा है। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान आज उन्होंने विधायक राकेश कालिया, पवन काजल और रणधीर शर्मा के संयुक्त सवाल के जवाब में यह बात कही। रोहित ठाकुर ने बताया कि 3 हज़ार 4 सौ 50 पद बैच वाइज आधार पर भरे जा चुके हैं, इसके अलावा शास्त्री व जेबीटी के दिव्यांग कोटे के 3 हज़ार 7 सौ 30 पदों को भी भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि युक्तिकरण की प्रक्रिया के तहत भी सरकार उन स्कूलों में शिक्षकों को भेजेगी जहां पर पद खाली चले हुए हैं और पीजीटी के 5 सौ 50 पदों पर नियुक्ति अप्रैल महीने में दे दी जाएगी। एक अन्य सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 5 हज़ार 3 सौ 6 पद रिक्त हैं। विधायक जनक राज के एक सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जिन स्कूलों में भाषा अध्यापकों के एक से अधिक पद हैं उन्हें युक्तिकरण की प्रक्रिया के तहत हटाकर वहां भेजा जाएगा जहां पर भाषा अध्यापकों के पद नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी स्कूलों में कला अध्यापकों के 5 सौ 96, शारीरिक शिक्षकों के एक हज़ार एक सौ 24 और शास्त्री के 7 सौ 59 पद खाली हैं।

शून्यकाल

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में जिन भी अधिकारियों के नाम आएंगे वह सभी नामजद किए जाएंगे। विधानसभा में आज विधायक रणधीर शर्मा द्वारा शून्यकाल के दौरान विमल नेगी मौत मामले में हुई एफआईआर के सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार के एक अधिकारी की संदिग्ध मृत्यु हुई है, ऐसे में वह सदन में आश्वासन दिलवाना चाहते हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे सरकार उसी के दृष्टिगत आगे की कार्रवाई करेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विमल नेगी मामले में एफआईआर दर्ज हुई है और परिजनों के बयान के आधार पर ही ये एफआईआर दर्ज की गई है।

वक्त्व्य

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पंजाब में हिमाचल प्रदेश की बसों को नुकसान पहुंचाए जाने से सरकार चिंतित है। विधानसभा में आज एक वक्तव्य देते हुए उन्होंने कहा कि इस समय पड़ोसी राज्य से प्रदेश की 6 सौ बसें विभिन्न रुटों पर चलती है। ऐसे में एच.आर.टी.सी. की बसों को निशाना बनाए जाने से प्रदेश सरकार को कोई निर्णय लेना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री कहा कि अमृतसर में बीती रात एच.आर.टी.सी. की खड़ी 4 बसों को नुकसान पहुंचाने के अलावा विवादित पोस्टर भी लगाए गए हैं। इस संबंध में पुलिस में एफ.आई.आर. भी दर्ज की गई है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री व डी.जी.पी. स्तर पर बातचीत करने के बावजूद स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से वर्ष 2023 के मानसून में भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रदेश को हुए भारी नुकसान के लिए मुआवजा जारी करने का आग्रह किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने आपदा के बाद आवश्यकता मूल्यांकन वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है लेकिन केंद्र सरकार द्वारा अभी तक राहत राशि प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों का उपयोग कर जन जीवन को सामान्य बनाने के लिए राहत और पुनर्वास कार्य किए। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री के साथ प्रदेश हित से जुड़े विभिन्न मामलों पर भी चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने प्रदेश को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि नशा आज हिमाचल प्रदेश में एक अभिशाप बनता जा रहा है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताई। राज्यपाल आज सोलन के एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान में मीडिया की भूमिका को भी सराहा। उन्होंने कहा कि हालांकि लोग अब जागरूक हो रहे हैं लेकिन नशे की बुराई को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

नमस्कार।